इंडियन एयरलाइंस द्वारा किरायों में वृद्धि

*278. **श्री गया सिंह :**

श्री अनन्तराम जायसवाल :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने इंडियन एयरलाइंस के किराए में एक बार फिर बढ़ोत्तरी की है ;

(ख) यदि हां, तो किराया बढ़ोत्तरी के क्या कारण हैं, जबकि विश्वभर में हवाई सेवाओं के किराये में कटौती करने का अभियान चल रहा है तथा किराया बढ़ोत्तरी की दर क्या है और यह किस तिथि से लागू होगी ;

(ग) बढ़ाए गए किराये से इंडियन एयरलाइंस को कितनी आय होने की संभावना है और क्या यह अतिरिक्त आय इस समय हो रहे घाटे को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी; और

(घ) यदि हां, तो किस तरह से और यदि नहीं, तो किराये में वृद्धि किए जाने का क्या औचित्य है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, हां। इंडियन एयरलाइंस ने अपने अंतर्देशीय रुपए किराये में वृद्धि कर दी है।

(ख) किरायों में वृद्धि प्रचालन लागत में चौतरफा वृद्धि की आंशिक क्षतिपूर्ति भरपाई के लिए की गई थी। 25 जुलाई, 1994 से किरायों में 10% से 20% तक की वृद्धि की गई थी।

(ग) किरायों में वृद्धि के फलस्वरूप प्रति वर्ष 190.00 करोड़ रुपए की आय होने की आशा है। हानियों को समाप्त करने के लिए होने वाली आय प्राप्त नहीं है क्योंकि प्रचालन लागत में वृद्धि का प्रभाव लगभग 275.00 करोड़ रुपए प्रति वर्ष है।

(घ) प्रति वर्ष के 85.00 करोड़ रुपए के अपूरित अन्तर को मितव्या सम्बन्धी उपायों उच्च उत्पादकता और विमान बेड़े के अधिक उपयोग द्वारा पूरा किए जाने का प्रस्ताव है।

PEN-G produced by HAL and IDPL

*279. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE:

SHRI CHIMANBHAI MEHTA:

Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that approximately 1250 MMU Pen-G is produced by two public sector units, namely Hindustan Antibiotics Limited (HAL) and Indian Drugs and Pharmaceuticals Limited (IDPL);

(b) whether it is a fact that HAL alone produces more than 75 per cent of 850 MMU;

(c) whether it is also a fact that based ch total volume of fermenting capacity available with HAL for Penicillin, it should be possible for HAL to manufacture upto 200 MMU/a of the Penicillin;

(d) if so, the steps being taken to increase the production of the Penicillin;

(e) the details about the attempts made to increase production and for this purpose the talks held by HAL management or offer received by the HAL from Ranbaxy Laboratories, Max-GB, SPIC, BPGL and Torrent Pharma; and

(f) the details of offers made by the above firms?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI RAM LAKHAN SINGH YADAV): (a) and (b) Yes, Sir. In 1993-94 HAL's production was 822 MMU.

(c) and (d) The capacity utilisation in 1993-94 of HAL based on existing technology was 91 per cent. The company has been undertaking continuous efforts for strain maintenance, strain selection, media optimisation and increasing recovery